अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**08 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

### USEFUL FOR

IAS | PCS

BANK | SSC

RAILWAY

S-TET | UPSI

STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **नेशनल हैंडलूम डे : 07 अगस्त**




- भारत में प्रतिवर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है. इसका उद्देश्य हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना है.
- इस वर्ष राष्ट्र 9वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहा है.
- 7 अगस्त, 2015 को चेन्नई में भारत सरकार द्वारा इस दिवस का पहली बार आयोजन किया गया था.
- 7 अगस्त, 1905 को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी.

2. **नेशनल जैवलिन डे : 07 अगस्त**




- भारतीय एथलेटिक्स इतिहास के एक महत्वपूर्ण दिन की याद में भारत में प्रतिवर्ष 7 अगस्त को नेशनल जैवलिन डे मनाया जाता है.
- इस दिन 2021 टोक्यो ओलंपिक के दौरान नीरज चोपड़ा ने एथलेटिक्स में पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीता था.
- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ, भारत में एथलेटिक्स खेलों का शासी निकाय है इसकी स्थापना 1946 में की गयी थी.
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है.

3. **उत्तराखंड की 13 महिलाओं और किशोरियों को आज मिलेगा तीलू रौतेली पुरस्कार, 35 को आंगनबाड़ी सम्मान**



- महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं और किशोरियों को राज्य सरकार की ओर से तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।
- इसमें दिव्यांग खिलाड़ी मोहिनी कोरंगा एवं नीलिमा राय समेत कई का चयन किया गया है।
- साथ ही तीलू रौतेली पुरस्कार की धनराशि को 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं, राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार की राशि 21 हजार रुपये से बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दी गई है।
- तीलू रौतेली की जयंती हर साल 8 अगस्त को मनाई जाती है; इसी दिन तीलू रौतेली पुरस्कार दिया जाता है।

4. **कर्नाटक सरकार, फॉक्सकॉन ने 5000 करोड़ रुपये के निवेश के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए**



- ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन ने ₹5,000 करोड़ के अनुमानित निवेश परिव्यय वाली दो परियोजनाओं के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे 13,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।
- ये परियोजनाएं आईफोन एंड असेंबली प्लांट के अतिरिक्त हैं, जिसे कंपनी ने लगभग ₹14,000 करोड़ के निवेश के साथ देवनहल्ली में स्थापित करने की योजना बनाई है।

**5. भारत के राष्ट्रपति ने भोपाल में 'उन्मेशा' और 'उत्कर्ष' उत्सवों का उद्घाटन किया**



- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल, मध्य प्रदेश में 'उन्मेशा' - अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव और 'उत्कर्ष' - लोक और जनजातीय प्रदर्शन कला महोत्सव का उद्घाटन किया।
- संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश, संस्कृति मंत्रालय की संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी के साथ मिलकर 3 से 5 अगस्त तक यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।
- अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेश एशिया का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मेलन है।

**6. हुन मैनेट को कंबोडिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया**



- कंबोडिया के किंग नोरोडोम सिहामोनी ने पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के बेटे - हुन मैनेट को देश का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया है.
- किंग द्वारा एक शाही फरमान जारी कर संसद के 7वें जनादेश के लिए डॉ. हुन मानेट को कंबोडिया का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया.
- कंबोडियन चुनाव 2023 के दौरान, हुन सेन की पार्टी कंबोडियन पीपुल्स पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी. कंबोडिया एक दक्षिणपूर्व एशियाई देश है.

**7. लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल कर दी.**



- लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की निचले सदन (लोकसभा) की सदस्यता बहाल कर दी.
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आपराधिक मानहानि मामले में राहुल की सजा पर रोक लगाने के बाद, लोकसभा सचिवालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है.
- राहुल गांधी केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं.
- इसी साल मार्च में उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था.

**8. प्रार्थना थोम्बारे ने बार्सिलोना, स्पेन में महिला टेनिस हार्डकोर्ट स्पर्धा में युगल खिताब जीता**




- प्रार्थना थोम्बारे ने बार्सिलोना, स्पेन में महिला टेनिस हार्डकोर्ट स्पर्धा में युगल खिताब जीता है.
- एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता ने रूस की अनास्तासिया तिखोनोवा के साथ मिलकर फाइनल में फ्रांस की एस्टेले कैसिनो और लातविया की डायना मार्सिंकेविका को हराया.
- प्रार्थना के लिए यह साल का दूसरा और कुल मिलाकर 26वां खिताब है.

**9. अदिति स्वामी सबसे कम उम्र में तीरंदाज़ी में विश्व चैंपियन बनी**



- महाराष्ट्र की 17-वर्षीय अदिति गोपीचंद स्वामी तीरंदाज़ी में सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत स्पर्धा में सबसे कम उम्र की विश्व चैंपियन बन गयी है.
- महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाज़ी में उनका 30वां रैंक है और उन्होंने 2 महीने पहले जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप का टाइटल जीता था.
- अदिति के पिता सरकारी स्कूल में गणित के शिक्षक हैं.

**10. रेल मंत्रालय ने 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की**



- रेल मंत्रालय ने 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की है.
- इसके तहत पूरे भारत में 508 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित किया जायेगा. पीएम मोदी ने हाल ही में इस योजना की शुरुआत की.
- इस योजना की कुल लागत 25,000 करोड़ रुपये से अधिक है.
- इनमें राजस्थान और यूपी के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, एमपी के 34, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात व तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20 और हरियाणा के 15 स्टेशन शामिल हैं.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. नेशनल हैंडलूम डे प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 05 अगस्त
(b) 06 अगस्त
(c) 07 अगस्त
(d) 08 अगस्त

**2. नेशनल जैवलिन डे प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 06 अगस्त
(b) 07 अगस्त
(c) 08 अगस्त
(d) 09 अगस्त

**3. हाल ही में किस राज्य की 13 महिलाओं और किशोरियों को तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?**
(a) राजस्थान
(b) उत्तराखंड
(c) उत्तर प्रदेश
(d) मध्य प्रदेश

**4. ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन ने ₹5,000 करोड़ के अनुमानित निवेश परिव्यय वाली दो परियोजनाओं के लिए किस राज्य सरकार के साथ एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए हैं?**
(a) त्रिपुरा
(b) पश्चिम बंगाल
(c) असम
(d) कर्नाटक

**5. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किस राज्य में 'उन्मेशा' – अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव और 'उत्कर्ष' – लोक और जनजातीय प्रदर्शन कला महोत्सव का उद्घाटन किया है?**
(a) मध्य प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) महाराष्ट्र

**6. कंबोडिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) हुन सेन
(b) नोरोडोम सिहामोनी
(c) हुन मैनेट
(d) इनमें से कोई नहीं

**7. हाल ही में लोकसभा सचिवालय ने किस नेता की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी है?**
(a) वरुण गांधी
(b) राहुल गांधी
(c) चिराग पासवान
(d) डिंपल यादव

**8. किस भारतीय खिलाड़ी ने स्पेन में महिला टेनिस हार्डकोर्ट स्पर्धा में युगल खिताब जीता है?**
(a) प्रार्थना थोम्बारे
(b) अंकिता भांबरी
(c) महक सिन्हा
(d) अंकिता रैना

**9. कौन सी भारतीय सबसे कम उम्र में तीरंदाज़ी में विश्व चैंपियन बनी है?**
(a) नेहा बिष्ट
(b) श्रेया सिन्हा
(c) दीपिका कुमारी
(d) अदिति स्वामी

**10. 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत देश भर में कितने रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जायेगा?**
(a) 308
(b) 408
(c) 508
(d) 608

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (b) | (d) | (a) | (c) | (b) | (a) | (d) | (c) |